<u>समाचार</u>

प्लेसमेंट कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को मिलेगा नियमित अधिकारी कर्मचारियों से पूर्व माह का वेतन

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय का मानवीय कदम, अधिकारियों को दिए निर्देश)

कोरबा 23 दिसम्बर 2024 – नगर पालिक निगम कोरबा में कार्यरत स्वच्छता दीदियों, प्लेसमेंट के कर्मचारियों व दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को अब नियमित अधिकारी कर्मचारियों से पहले ही माह के वेतन का भुगतान प्राप्त होगा। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने इन कर्मचारियों के प्रति अपनी मानवीय संवेदना दिखाते हुए अधिकारियों को तदाशय के निर्देश दिए हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय के इस कदम से प्लेसमेंट कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा में लगभग 812 प्लेटसमेंट कर्मचारी कार्यरत, वहीं 700 स्वच्छता दीदियॉ व 48 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अपनी सेवाएं निगम के विभिन्न विभागों में दे रहे हैं, अल्प वेतन पाने वाले इन कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान हों, ताकि उन्हें घरग्रस्ती चलाने के लिए आर्थिक परेशानी से न जूझना पड़े, इस दिशा में अपनी मानवीय संवेदना दिखाते हुए आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्लेसमेंट कर्मचारियों, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों आदि के वेतन भुगतान की कार्यवाही समय पर करें ताकि निर्धारित समय पर माह का वेतन भुगतान उन्हें सुनिश्चित किया जा सके। उन्होने कहा कि निगम के अधिकारी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान इन कर्मचारियों के वेतन भुगतान के पश्चात ही किया जाए।

आयुक्त के प्रति हृदय से आभार – प्लेसमेंट पर कम्प्युटर आपरेटर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे अजय सिंह कंवर ने कहा कि हम अल्प वेतन में काम करने वाले प्लेसमेंट कर्मचारी हैं, समय पर वेतन भुगतान न होने से हमें घरग्रस्ती के खर्चो के लिए अनावश्यक परेशानी होती थी, अब आयुक्त महोदय द्वारा समय पर वेतन भुगतान के निर्देश दिए गए हैं, समय पर वेतन मिलने से हम घर खर्चो के लिए चिंतामुक्त रहेंगे, इसके लिए हम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

हम स्वच्छता दीदियों के लिए प्रसन्नता की बात – नगर निगम कोरबा में स्वच्छता दीदी के रूप में कार्य करते हुए घर–घर जाकर अपशिष्ट संग्रहण करने वाली श्रीमती सरिता प्रजापति ने कहा कि हम घर–घर जाकर कचरे का संग्रहण करती हैं, शहर की सफाई व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण सहयोग देती हैं, कम मानदेय पर काम करने वाली हम स्वच्छता दीदियों को यदि समय पर वेतन न मिले, तो घर चलाना मुश्किल हो जाता है, आयुक्त महोदय ने हमारे प्रति उदारता दिखाते हुए समय पर वेतन भुगतान का आदेश दिया है, अब हमें समय पर वेतन मिलेगा, जिसके लिए हम आयुक्त महोदय का हृदय से आभारी हैं।